प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 92/2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in
नई दिल्ली, 10 सितंबर 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु

Website: - www.trai.gov.in

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने रेवाड़ी शहर (हरियाणा ) में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने रेवाड़ी शहर (हरियाणा लाइसेंस सेवा क्षेत्र) के लिए अगस्त 2025 महीने के दौरान आयोजित किए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए है । इस ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओ (वॉयस और डेटा दोनों) की रीयल वर्ल्ड गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान भादूविप्रा कॉल सेटअप सक्सेज रेट, डेटा डाउनलोड और अपलोड रिपोर्ट, स्पीच क्वालिटी आदि का डेटा कैप्चर करता है, इसके बाद इसे उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है और टीएसपी को अपनी सेवाओं में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से, **हरियाणा** में 31-07-2025 से 02-08-2025 के दौरान रेवाड़ी शहर में 250.7 किलोमीटर के सिटी ड्राइव, 8 हॉटस्पॉट स्थानों, रेवाड़ी शहर में 1.1 किलोमीटर के वॉक टेस्ट में विस्तृत ड्राइव टेस्ट किया। ये टेस्ट भादूविप्रा के **क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर** की देखरेख में आयोजित किए गए थे। रेवाड़ी शहर के आईडीटी निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

(i) वॉयस सेवाएं:

| क्रम. | मुख्य निष्पादन संकेतक (ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में | माप प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर) | % | 99.51 | 92.00 | 100.00 | 99.01 |
| 2 | कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सीएसटी) | sec. | 1.25 | 2.45 | 0.75 | 2.31 |
| 3 | ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर) | % | 2.70 | 3.32 | 0.49 | 0.00 |
| 4 | कॉल साइलेंस रेट (म्यूट काल) | % | 3.47 | 1.57 | 0.77 | 2.25 |
| 5 | मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस) | 1-5 | 3.90 | 2.84 | 3.81 | 4.40 |

**(ii) डेटा सेवाएं:**

| क्रम | मुख्य निष्पादन संकेतक (ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में | माप प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एवरेज डाऊनलोड थ्रुपुट (डेटा स्पीड) | (Mbits/s) | 103.06 | 4.66 | 172.58 | 27.41 |
| 2 | एवरेज अपलोड थ्रुपुट (डेटा स्पीड) | (Mbits/s) | 19.16 | 4.09 | 14.20 | 11.16 |
| 3 | लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल) | in ms | 25.65 | 27.68 | 28.45 | 32.20 |

रेवाड़ी शहर में आयोजित ड्राइव टेस्ट में लखनौर, गोकलघर, सहारनवास , कंमाजरा, बावल, उत्तम नगर, भारवास, शाहबाजपुर, जलालपुर, जलीवास, बानीपुर और हरचंदपुर आदि के आसपास के क्षेत्रों सहित रेवाड़ी शहर के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर किया गया।

इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्ड का उपयोग करते हुए विभिन्न तरह के क्षेत्रों में जैसे कि सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र, वाणिज्यिक गतिविधीयों वाले क्षेत्र, आदि में ,लाइव डेटा और वॉयस सैशन किए जाते हैं। ड्राइव टेस्ट में विभिन्न उन्नत हैंडसेट और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करते हुए रीयल टाईम सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

आईडीटी रिपोर्ट के निष्कर्षों को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ साझा किया गया है ताकि वे आवश्यकता अनुसार नेटवर्क में सुधार करने के लिए कार्रवाई कर सकें। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट पर www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए, **adv.jaipur@trai.gov.in** या **जयपुर में भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय** को ईमेल भेजा जा सकता है या टेलीफोन नंबर+91-141-2701919 पर संपर्क किया जा सकता है ।

राजेश कुमार अग्रवाल, आईटीएस 10/9/25
सलाहकार, भादूविप्रा
क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर